श्री बंशीधर नगर, रविवार
23.06.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष प्रतिपदा संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 298

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:07 बजे
अस्त - 06:45 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 44 डिग्री से.
न्यूनतम : 32 डिग्री से.



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com
आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर की धान की रोपाई >> पेज 03 | आतंकवाद के सफाये में कोई कसर... >> पेज 04

**सुविचार**

दिमाग ठंडा हो तो
फैसले गलत नहीं होते
और भाषा मीठी हो तो
अपने दूर नहीं होते

**न्यूज अपडेट्स**


## गिरिडीह में युवक की हत्या

**गिरिडीह।** जिले के मुफ्फसिल थाना इलाके के महेशपुर गांव में एक युवक की हत्या कर गई। उसका शव शुक्रवार रात 9:30 बजे घर से 50 मीटर की दूरी पर मिला। मृतक के चाचा फागू मंडल का आरोप है कि संदीप मडल (35) को पहले उसके निमार्णाधीन घर से प्रयाग मंडल, लक्ष्मण मंडल, तेजलाल मंडल, सुनील मंडल, राजू मंडल, निर्मल मंडल समेत अन्य ने जबरन उठा लिया। फिर पंकज मंडल के घर ले जाया गया, जहां पर उसकी हत्या कर दी गई। अंधेरा होने के बाद शव को फेंक दिया गया। फागू मंडल के मुताबिक, 31 मई को भी हत्यारोपियों ने हमला किया था। बोरिंग के विवाद में पहले गाली दी गई और फिर हमला कर घायल कर दिया गया। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दूसरे पक्ष के लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा ने मुफ्फसिल इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो को पूरे मामले की जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि संदीप की हत्या की गई है। शव मृतक के घर से थोड़ी दूरी पर मिला है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

**नीट घोटाला** ▶ झारखंड से भी जुड़े पेपर ली के तार

# देवघर से छह गिरफ्तार

**देवघर/रांची।** नीट प्रश्न पत्र लीक मामले के तार झारखंड से भी जुड़ने लगे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने देवघर से छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित देवघर जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र स्थित एम्स के नजदीक झुनू सिंह के मकान में किरायेदार बनकर रह रहे थे। सभी आरोपित पटना के शास्त्रीनगर थाना (काण्ड संख्या-358/2024) में दर्ज मामले में संदिग्ध हैं।
हालांकि, रेड करने आयी पटना पुलिस ने देवघर पुलिस को बताया था कि यह सभी साइबर ठगी के आरोपित हैं। देवघर पुलिस को शनिवार को इस बात का पता चला कि असल में सभी नीट पेपर लीक मामले में पकड़े गये हैं। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के नालंदा जिले के छविलापुर थाना क्षेत्र स्थित बलदार विगहा निवासी पंकु कुमार, परमजीत सिंह उर्फ बिट्ठू, चिन्टु उर्फ बालदेव कुमार, नुरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा निवासी काजु उर्फ



प्रशांत कुमार, एकंगरसराय थाना क्षेत्र के अजीत कुमार और राजीव कुमार उर्फ कारू शामिल हैं।
जानकारी के मुताबिक पेपर लीक के सरगना संजीव मुखिया के नीचे अमित आनंद और नीतीश काम कर रहे थे। अमित आनंद लाइजनर का काम करता है। नीतीश और अमित आनंद दोस्त हैं। सिकंदर ने अनुराग और आयुष जैसे कई अभ्यर्थियों को पास कराने का ठेका लिया था। चिंटू के मोबाइल पर पेपर के जवाब आए थे। चिंटू ने जवाब पिंटू को दिए और फिर प्रिंटर साथ लेकर चल रहे पिंटू ने सारे सवालों के जवाब प्रिंट किए। चिंटू-पिंटू के जरिए भेजे गए सवालों के जवाब रातों-रात पटना के लर्न एंड प्ले स्कूल भेजे गए, जहां पहले से मौजूद अनुराग और आयुष जैसे छात्रों ने जवाब का रट्टा मारा और अगली सुबह एग्जाम देने गए।

### 30 लाख में नीट पेपर खरीदा और 40-40 लाख में बेचा

नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार सिकंदर यादवेंद्र मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने 30 से 32 लाख रुपये में पेपर की डील की थी। इसके बाद चार अभर्थियों को उसने पेपर 40-40 लाख रुपये में बेचा था। नीट का पेपर सबसे पहले झारखंड के हजारीबाग से लीक हुआ था।
बताया गया है कि सिकंदर यादवेंद्र ने दानापुर पटना के आयुष कुमार, समस्तीपुर के अनुराग यादव, रांची के अभिषेक कुमार और गया के शिवनंदन कुमार को पेपर देने की बात कही थी। पांच मई को होने वाली नीट की परीक्षा के लिये सिकंदर यादवेंद्र ने चारों अभ्यर्थियों को चार मई की रात को पटना के रामकृष्णा नगर में जाकर पेपर सौंपा। उस वक्त अमित आनंद और नीतीश कुमार भी उनके साथ मौजूद थे। इसके बाद रातभर सभी को पेपर रटवाया गया लेकिन पांच मई को पटना के बेली रोड से चारों अभ्यर्थियों को एक झारखंड नंबर की गाड़ी से हिरासत में ले लिया गया था। इसके बाद पेपर लीक के खुलासे हुए थे। जानकारी के मुताबिक सिकंदर का बेटा होमी आनंद का हरमू स्थित इन्फिनिटी स्पोर्ट्स नामक दुकान चलाता है। वहीं

## एसीबी के अनुसंधान में एक दशक से अधूरी है पलामू के नक्सल प्रभावित इलाकों की 17 सड़कें

**मेदिनीनगर।** एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच के कारण पिछले एक दशक से पलामू के नक्सल प्रभावित इलाकों की 17 सड़कें अधूरी पड़ी हैं। सड़कों का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों के लिए आफत बन गई है। सभी सड़कों से 140 से भी अधिक गांवों को जोड़ती है। सबसे अधिक सड़क पाटन में 9, उसके बाद छतरपुर एवं चैनपुर में तीन-तीन एवं विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में 2 सड़कें शामिल हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 17 रोड का निर्माण कार्य चल रहा था। रोड के निर्माण में गड़बड़ी पकड़ी गई थी और लागत से अधिक निर्माण कार्य का भुगतान किया गया था। मामले में 2014 में पलामू के पाटन, छतरपुर बिश्रामपुर और चैनपुर थाना में अलग-अलग 11 एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में सरकार ने सभी एफआईआर को 2017 में एसीबी जांच के लिए अनुशंसा की गई थी। 2017 में एसीबी ने सभी 11 एफआईआर को टेकओवर किया था और जांच शुरू की थी। पलामू के पाटन के कांके से सुठा रोड 1.19 करोड़, ब्रहमोरिया से नावाडीह रोड



में 4.61 करोड़, बिटी रोड से कवल 74.46 लाख, छतरपुर के टीओपी से डागरा रोड 3.75 करोड़, पाटन पड़वा रोड 1.10 करोड़, मायापुर नावाडीह रोड 77.31 लाख, बिरजा से जमडीहा 46.83 लाख, गोदरमा से नावागढ़ 53 लाख, रामगढ़ से दिनाबार 3.39 करोड़, बरांव से ओड़नार 42.83 लाख, बिटी रोड गम्हरिया 9.12 लाख रुपए लागत से अधिक भुगतान किया गया था। इसके अलावा सिक्की कला से सिक्की खुर्द, गहरपथरा रोड नया, महुलिया रोड, पकरी राजहरा रोड, मानआहर से मझिआव रोड में गड़बड़ी पकड़ी गई थी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पूरे मामले में राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने दोषियों के खिलाफ अनुसंधान जारी रखने के साथ-साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का आग्रह किया है।

## आरपीएफ ने शराब के साथ एक को पकड़ा

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उज्जवल कुमार बरियातू का रहने वाला है। इसके पास से शराब की ब्लेंडर्स प्राइड की 21 बोतलें बरामद की गयी हैं। रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच के दौरान एक संदिग्ध को हटिया रेलवे




स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर एक भूरे रंग के ट्रॉली बैग के साथ देखा। संदेह के आधार पर बैग की जांच करने पर शराब बरामद की गई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि शराब को हटिया से खरीदा था और अधिक कीमत लेकर बेचने के लिए मुजफ्फरपुर (बिहार) जा रहा था। बरामद शराब की कीमत 22 हजार आंकी गयी है। सभी शराब को रांची के सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने जब्त कर लिया और कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

## लातेहार में दूषित पानी पीने से 20 स्कूली बच्चे बीमार

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत दुरु प्राथमिक विद्यालय में दूषित पानी पीने से शनिवार को 20 बच्चे बीमार पड़ गए। गंभीर अवस्था में सभी बच्चों को एंबुलेंस से चंदवा अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का इलाज किया। हालांकि सभी बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को बच्चे स्कूल गए थे। नाश्ता के बाद बच्चों ने जब टंकी का पानी पीया तो पानी में कुछ दुर्गंध आने की शिकायत शिक्षक से की। थोड़ी देर में पानी पीने वाले बच्चे उल्टी करने लगे। स्थिति को देखकर शिक्षक ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस लेकर स्कूल पहुंची और सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। डॉ तरुणेश जोश लकड़ा की निगरानी में सभी बच्चों का इलाज किया गया। जांच के बाद चिकित्सा में बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बताई। परंतु बच्चों को अभी चिकित्सा निगरानी में रखने की बात कही। इधर इस संबंध में मुखिया सीतमोहन मुंडा ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें शिक्षकों से मिली। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों के द्वारा जब यह बताया गया कि पानी में बदबू है तो शिक्षक पानी की टंकी की जांच की। टंकी में कुछ सफेद रंग का पदार्थ पड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि किसी शरारती तत्व ने कोई पदार्थ पानी में मिला दिया हो। उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि पूरे मामले की जांच की जाए और दोषी पर कार्रवाई की जाए।

**झारखंड हाई कोर्ट में पीई की रिपोर्ट अब तक नहीं आयी**

# मैनहर्ट मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की अधिवक्ता से पूछा कि जब आपको यह पता था कि मैनहर्ट को रांची में सीवरेज



ड्रेनेज के डीपीआर काम दिए जाने में वित्तीय गड़बड़ी हुई है, तो फिर आपने थाने में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज कराया? आप सिविल कोर्ट में शिकायतवाद भी दर्ज करा सकते थे लेकिन आपने विजिलेंस ब्यूरो में शिकायत कर मामले को छोड़ दिया।
पूर्व की सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एसीबी के एसपी सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से पीई की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि दिसंबर 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी लेकिन मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।
सरयू राय ने मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर का कार्य दिए जाने में 21 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था, जिसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गई थी लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं होने पर सरयू राय ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

## हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना मामले में सुनवाई 12 जुलाई को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट के संज्ञान आदेश को चुनौती दी गई है। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में ईडी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।
हेमंत सोरेन की ओर से ईडी



द्वारा दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह किया गया। हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था। ईडी की ओर से संबंध की अवहेलना मामले में शिकायतवाद सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी। सीजेएम कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को हाजिर होने का आदेश दिया था लेकिन वे चार तिथियों पर सीजेएम कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि, बाद में यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट स्थानांतरित हो चुका है लेकिन हेमंत सोरेन पिछली तिथि को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।

# मनरेगा की योजनाओं में अनियमितता की एसडीओ ने की जांच



श्री बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर ने जिले के नगर ऊंटारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की योजनाओं से संबंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में श्री बंशीधर नगर एसडीओ की अध्यक्षता में टीम गठित कर मामले की जांच कराई। जांच दल ने ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की कुल आठ योजनाओं की जांच की। जिसमें से सात योजनाओं (टीसीबी निर्माण योजना) में अनियमितता पाई गई। उक्त अनियमितता के फलस्वरूप डीसी ने सातो योजनाओं में कार्य से अधिक भुगतान की गई 12 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि की वसूली संबंधित ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया, जेई एवं मेट से करने का निर्देश दिया। साथ ही मेट को हटा दिया गया। सभी दोषी कर्मी से कारणपृच्छा की गई है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के पश्चात दोषी कर्मी के विरूद्ध संविदा समाप्त, विभागीय कार्रवाई एवं मुखिया की वित्तीय शक्ति जब्त करने के लिये अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही साथ दैनिक रूप से योजनाओं का समीक्षा, पर्यवेक्षण नहीं किये जाने के आरोप में नगर ऊंटारी की बीडीओ अदिती गुप्ता एवं बीपीओ (मनरेगा) से मनरेगा की धारा 25 के तहत एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

## न्यूज अपडेट्स

### आजसू ने की एनपीयू में तालाबंदी

**मेदिनीनगर :** अखिल झारखण्ड छात्र संघ (आजसू) ने नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों को बाहर कर तालाबंदी कर दी और कई घंटो तक मुख्य द्वार पर धरना दिया। छात्र नेताओं ने कहा कि पदाधिकारियों द्वारा मनमानी तरीके से विश्वविद्यालय को संचालित किया जा रहा है। जब मन परीक्षा तिथि घोषित कर देते हैं और जब मन उसे स्थगित कर छात्रों को परेशान करते हैं। सत्र 2023-27 और 2022-26 की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा परसो से शुरू होनी थी मगर आज उसे अचानक रद्द कर दी गयी। आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि हमने विश्वविद्यालय से कई बार एनसीसीएफ की शिकायत कर उससे कार्यभार लेने की मांग थी। मगर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया। मौके पर राहुल मिश्रा, समीर तिवारी, प्रवीण, आशुतोष, कार्तिक आदि दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

## गढ़वा

### दिशा की बैठक में सांसद वीडी राम ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# अधूरी योजनाएं ससमय पूर्ण करायें

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** सांसद विष्णु दयाल राम ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित दिशा की बैठक में जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। उक्त समीक्षात्मक बैठक में सांसद ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट सोन-कनहर पाईप लाईन सिंचाई योजना, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत एनएच 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण, बाईपास व अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण, कांडी प्रखंड अंतर्गत श्रीनगर-पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज का निर्माण कार्य की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। सर्वप्रथम सांसद ने सोन-कनहर पाईप लाईन सिंचाई योजना के कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि इस योजना की प्राप्ति वर्ष 2019 में हो चुकी थी एवं 2022 तक पूर्ण करने की अवधि निर्धारित थी। बैठक में




उपस्थित लघु सिंचाई विभाग के ईई ने बताया कि इस योजना से संबंधित 95 प्रतिशत क्षेत्र में कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त योजना का अधिकांश भाग वन क्षेत्र होने एवं भवनाथपुर सेल माइंस का क्षेत्र होने के चलते शेष अपूर्ण कार्यों के लिये फॉरेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पीएससी की बैठक में आवश्यक निर्देश मिलने के फलस्वरुप फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है जिसे एक माह के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना का अधिकांश भाग वन क्षेत्र होने एवं भवनाथपुर सेल माइंस का क्षेत्र होने के चलते भी एनओसी सर्टिफिकेट के लिए अग्रेतर कार्रवाई की गई है। एनओसी मिलते ही जल्द कार्य शुरू करते हुए योजना पूर्ण कर ली जायेगी। सांसद ने इस महत्वपूर्ण योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। एनएच 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण व अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण की समीक्षा के दौरान गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण में आ रही समस्या पर भी चर्चा की गई। एनएचएआई के प्रतिनिधि ने बताया कि कब्रिस्तान के ऊपर बनाये जा रहे ब्रिज की हाईट को लेकर कुछ समस्याएं है, जिनके नये डिजाइन के लिये प्रस्ताव एनएचएआई को भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। सांसद ने एनएच-75 सेक्सन 5 सड़क के फोरलेन चौड़ीकरण के संबंध में डीएलओ से रैयतों के अधिग्रहित भूमि के विरूद्ध मुआवजा भुगतान के बारे में पूछा। डीएलओ ने बताया कि योजना के तहत रैयतों के मुआवजा भुगतान के लिये 450 करोड़ रुपये के स्थान पर 422 करोड़ रुपये प्राप्त हुये हैं, जिसमें 302 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया है एवं शेष 120 करोड़ रुपये के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। अगले दो से तीन माह के अंदर भुगतान संबंधी सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। सांसद ने अधिकारियों को श्रीनगर-पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज के निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को गढ़वा जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने व ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो, डीएलओ, गढ़वा एसडीओ, रंका एसडीओ, श्री बंशीधर नगर एसडीओ, डीसीएलआर, पथ निर्माण व लघु सिचाई विभाग के अधिकारी व एनएचएआई के प्रतिनिधि समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### भंडरिया के प्वाइंट से पानी पहुंचाने का कार्य जल्द शुरू होगा : सांसद

**गढ़वा :** सांसद विष्णु दयाल राम ने दिशा की बैठक के बाद बताया कि बैठक में क्षेत्र में चल रही सिंचाई समेत सभी बड़ी छोटी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। योजनाएं समय पर पूरी हो इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया सोन-कनहर पाईप लाईन सिंचाई योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पहले राउंड में भंडरिया के प्वाइंट से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू हो जायेगा। इसके कुछ दिनों बाद दूसरे राउंड में विभिन्न जगहों एवं कनहर से भी पाईप के द्वारा पानी खेतों, जलाशयों आदि में पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से यह योजना गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये है। इस योजना से जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई योजना का पानी पहुंचाया जायेगा। इस योजना के तहत कांडी प्रखंड स्थित दारीदह गांव के सोन नदी, रंका प्रखंड के भौंरी तथा बड़गड़ प्रखंड के उगरा गांव स्थित कनहर नदी से बरसात के दिनों में जब सोन एवं कनहर नदी में पानी भर जाता है, तब बड़े मोटर पंप के माध्यम से पानी लेकर उसे जिले के 366 जलाशयों को भरा जायेगा। इससे सूखे की वजह से डैम, तालाब, बड़े आहर सहित अन्य छोटे जलाशयों में कभी भी पानी की कमी नहीं होगी। सोन एवं कनहर दोनों बड़ी एवं लंबी नदियां हैं। इस वजह से बरसात में कम बारिस में भी इन नदियों में पर्याप्त मात्रा में पानी आ जाती है। उक्त नदियों का पानी बेकार होकर बह जाता है, इसलिये इन नदियों के बरसाती पानी का सदुपयोग करते हुये गढ़वा जिले के जलाशयों तक पहुंचाने की योजना बनायी गयी है। सांसद ने श्रीनगर पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज निर्माण कार्य के विषय में बताया कि उक्त योजना 2025 के प्रथम तिमाही तक पूर्ण हो जायेगा। इसके निर्माण से जहां लोगों को आवागमन में सुविधा होंगी वहीं लोगों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। सांसद श्री राम ने बताया कि एनएच 75 के फोरलेन सड़क के कुछ जगहों पर रुके हुये कार्यों को भी जल्द ही शुरू करा दिया जायेगा। बहुत जगह पर लोगों को मुआवजा मिल गया है और बहुत जगह पर मुआवजे की राशि बाकी है जिसके कारण कार्य बाधित है। उसे अविलंब मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है जिससे निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो सके।

# लाईब्रेरी का खुलना शिक्षा के विकास का द्योतक है : अविनाश

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पुस्तकालय ज्ञान का एक अथाह समंदर है, जहां से असीमित ज्ञान रूपी मोती निकाला जा सकता है। बस अपने दिनचर्या में पुस्तकें पढ़ने की आदत को शामिल किया जाय। मेदिनीनगर शहर भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोतर वृद्धि कर रहा है। नित्य नयी-नयी लाईब्रेरी का खुलना इस बात का प्रमाण



है कि इस शहर में पाठकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ये बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। कल उन्होंने देवम इंस्टीट्यूट के कैंपस में स्पेयरेंट लाईब्रेरी का उद्घाटन किया। अविनाश देव ने कहा कि पुस्कालय का खुलना शहर में शिक्षा के विकास का द्योतक हैं। देवम इंस्टीट्यूट के बच्चे भी ट्यूशन के बाद शांतिपूर्ण माहौल में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये अध्ययन जारी रख सकते है। मौके पर देवम इंस्टिट्यूट के निदेशक आरएन सिंह, यूएस चौबे, प्रवीण दुबे, प्रमोद सिंह, एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी सहित कई लोग भी उपस्थित थे।

### पीकअप की चपेट में आने से युवक की मौत, सड़क जाम

**सतबरवा :** रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर शनिवार की रात्रि में पिकअप की चपेट में आने से दुलसुलमा गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद 35 की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मिले शव को लेकर परिजनों ने मुआवजा की मांग को लेकर लगभग 3 घंटे तक शव के साथ एनएच 39 को जाम कर दिया। परिजन 10 लाख रुपये मुआवजा की मांग कर रहे थे। सूचना मिलते ही सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और जाम कताओं को समझाने का प्रयास किया पर जामकर्ता अपनी मांग पर अड़े रहे। जाम की सूचना पाकर सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की जाम स्थल पर पहुंचे और जाम कताओं से बात की। सीओ के उचीत मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद जाम हटा लिया गया। घटना के समय मृतक वीरेन्द्र प्रसाद अपने पीकअप पे मनिका से साप्ताहिक बाजार से फुटकर विक्रेताओं को गाड़ी में समान समेत लेकर आया था और जोरा गांव में व्यापारियों का सामान उतरवा रहा था। इसी बीच पीछे से आ रही पिकअप वैन ने धक्का मारते हुये भाग निकला। जानकारी मिलते ही सतबरवा पुलिस ने पीछा कर गाड़ी और ड्राईवर को अपने कब्जे में ले लिया।

# भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली, समाहरणालय का घेराव

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू भाजपा के तत्वाधान में जिले में विकराल बिजली, पानी, बालू, खाद, बीज और चरमराई हुई स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे जन मुद्दे को लेकर आक्रोश रैली निकाली गई थी। आक्रोश रैली की शुरूआत रेड़मा स्थित काली मंदिर के सामने इरिगेशन ऑफिस के मैदान से हुई। रैली में शामिल लोग रेड़मा चौक ओवर ब्रिज होते हुये कचहरी परिसर पहुंचे। समाहरणालय का घेराव कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। समाहरणालय गेट के समक्ष आयोजित सभा



में भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पलामू में झुलसाने वाली गर्मी के बीच बिजली की कटौती और बूंद बूंद पानी के लिये तरसते लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। वहीं पलामू प्रमंडल के जलापूर्ति मंत्री होते हुये भी पलामू के लोग एक-एक बूंद पानी के लिये तरस रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि यह सरकार महिला, किसान और मजदूरों की विरोधी है। एक तरफ लोग भीषण गर्मी से परेशान है ऊपर से नहाने के लिए तो दूर पीने के लिये पानी भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि बिजली पानी की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भाजपा इससे भी बड़ा और उग्र आंदोलन छेड़ेगी। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि अगर इस आक्रोश प्रदर्शन के बाद सरकार नहीं जगती है तो हम सरकार को जगाएंगे और उसके बाद भी नहीं जगी तो आगामी विस चुनाव में यूपीए गठबंधन दल की सरकार को जनता जगा देगी। विधायक कुशवाहा डा शशि भूषण मेहता ने कहा कि चंपई सोरेन की सरकार जनता के लिये सबसे जरूरी बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधा देने में विफल रही है। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की लूट मची है। रघुवर सरकार में जहां रोज 22 घंटे बिजली मिलती थी, चंपई सोरेन के शासन में जनता पानी और बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है। आक्रोश रैली में प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्याम नारायण दुबे, परशुराम ओझा, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विनोद सिंह, अविनाश वर्मा, विभाकर नारायण पांडेय, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, मंगल सिंह, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ज्योति पांडेय, शिवकुमार मिश्र, सोमेश रूपा सिंह, सीटू गुप्ता, मंजू दूबे, पिंकी विश्वकर्मा, प्रकाश मेहता, लाला यादव, भोला पांडेय आदि शामिल थे।

# जीयर स्वामी जी के नेतृत्व में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का चतुर्मास व्रत शुरू

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** श्री श्री 1008 लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में आहुत श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का चतुर्मास व्रत शनिवार से शुरू हो गया। शुक्रवार को ही महायज्ञ स्थल पर स्वामी जी महाराज का आगमन हो चुका है। डालटनगंज स्टेशन पर पहुंचने पर स्टेशन पर काफी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्वामी जी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उसके बाद स्वामी जी को लेकर श्रद्धालु महायज्ञ स्थल सिंगरा शिव मंदिर पहुंचे। महायज्ञ समिति



के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि रविवार शाम पांच बजे से प्रतिदिन लगातार पूज्य गुरुदेव श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मुखारबिंद से प्रवचन होगा। इसकी सभी तैयारी पुरी कर ली गई है। श्री सिंह ने बताया कि दशहरा के सुबह से पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इस महायज्ञ में झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश सहित देश भर के साधु संत और महात्माओं का आगमन होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। बताया कि स्वामी जी द्वारा महायज्ञ की स्वीकृति मिलने के बाद जनवरी माह से ही तैयारी शुरू कर दी गई है।

## न्यूज अपडेट्स

### पुलिस ने चलाया विशेष वाहन चेकिंग अभियान

**श्री बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र में हो रहे वाहन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिये पुलिस पूरी तरह से एलर्ट हो गया है। थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक के नेतृत्व में शनिवार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट के बाईक चलाते पाये जाने वाले लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल रीडिंग, हाई स्पीड, नशे की हालत में वाहन चलाने और कम उम्र के बच्चों को गाड़ी चलाये जाने की जांच की गई। जांच के क्रम में लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि रविवार से क्षेत्र मे विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

### सीएसपी सहित 5 दुकानों मे चोरी

**उंटारी रोड :** थाना क्षेत्र के पांडेपुरा के गया मोड़ पर सीएसपी सहित शुक्रवार की रात पांच दुकानों मे चोरी हो गई। गया मोड़ पर सभी किराना दुकान सहित छोटे बड़े पांच दुकानों में अज्ञात चोरों ने गया मोड़ सीएसपी संचालक रमाशंकर गुप्ता के यहा से लैपटॉप और प्रींटर की चोरी हुई है। वहीं सुमन गुप्ता, धीरेन्द्र कुमार माली, लाला साव के सभी पांच दुकानों में लगभग पचास हजार रुपए की सामान चोरों ने चोरी कर ली। भुक्तभोगी सभी दूकान मालिकों ने सुबह अपने-अपने दुकान पर आया तो देखा दुकान का ताला टूटा हुआ देखकर चोरी की घटना पुलिस को दे दी गई।



## जन शिक्षण संस्थान में योग शिविर का आयोजन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन शिक्षण संस्थान विकास भारती गढ़वा के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अलखनाथ पांडेय, वार्ड नंबर 12 के वार्ड पार्षद आलोक रंजन ने दीप जलाकर किया। इस दौरान अलखनाथ पांडेय ने प्रशिक्षार्थियों के बीच ट्रेंनिंग माड्यूल, राईटिंग पैड एवं प्रशिक्षण सामग्री का वितरण किया। श्री पांडेय ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केंद्र में पहली ऐसी सरकार है जिसके योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम है। आपके प्रशिक्षण के बाद रोजगार एवं स्वरोजगार के कई रास्ते खुलेंगे, जिससे आपका व्यक्तिगत एवं समाज का विकास होगा। संस्थान के प्रभारी निदेशक प्रशांत कुमार मिश्रा ने योग एवं योग से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन पाल ने योग कराकर योग के फायदों को बारीकियों से बताया। मौके पर वार्ड सदस्य आलोक रंजन ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश पाठक ने की। मौके पर चिंता देवी, संगीता कुमारी, रूपेश कुमार, मिथिलेश कुमार, कृष्ण कुमार ठाकुर, बबलू कुमार सिंह सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

**आक्रोश** ग्रामीणों ने की सड़क व नाली निर्माण की मांग

# सड़क पर की धनरोपनी

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** आखिरकार ग्रामीणों को खेतों में नहीं, बल्कि एक सड़क पर ही धान की रोपाई करने की आवश्यकता पड़ गई। जो सरकार द्वारा पीटे जा रहे ढिंढोरा व विकास के गाल पर तमाचा के जैसा है। यह नजारा जिले के कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित कपूर्री चौक के समीप मुख्य सड़क पर देखने को मिला। जहां उक्त बाजार से हो कर गुजरने वाले राहगीरों को अत्यंत नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। चुंकि यहां न ही सड़क का निर्माण हुआ और न ही नाली का। नाली का पानी उक्त बाजार स्थित हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार तक जाता है, जहां केवल श्रद्धालुओं व भक्तों को ही जाना चाहिये। नाली का बहता पानी दुर्गन्धपूर्ण होता है, जिससे ऐसी बदबू आती है कि लोग अपना नाक बंद करके आवागमन करते हैं। राज्य की ऐसी सरकार, जिसके कार्यकाल में मन्दिर भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। बता दें कि सरकार द्वारा कांडी बाजार स्थित कपूर्री चौक से लेकर भवनाथपुर स्थित कपूर्री चौक तक की स्वीकृति भी मिल चुकी थी, किन्तु वर्षों बाद भी अब तक सड़क व नाली का निर्माण नहीं हो सका। इसमें सरकार, वरीय पदाधिकारी व संवेदक की घोर लापरवाही दिख रही है। उक्त बाजार स्थित स्थानीय ग्रामीण आक्रोश में हैं। यूं तो नाली का गन्दा पानी हमेशा सड़क पर बहता ही रहता है। वहीं हल्की बारिश होने के बाद तो और भी नारकीय स्थिति हो जाती है। कई बार ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से सरकार व वरीय पदाधिकारियों से गुहार लगाई। किन्तु किसी भी सरकार के प्रतिनिधि व पदाधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगा। सवाल यह कि कब तक लोग इस सड़क की नारकीय स्थित से मुक्त होंगे। अंततः ग्रामीणों ने आक्रोश में आकर उक्त सड़क पर ही धान की रोपाई कर दी। शनिवार को कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद के नेतृत्व में सुनीता देवी, सरोजा देवी, बिमल देवी, शनिचर बीबी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपाई कर निक्कमी सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विनोद प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्षों पूर्व कांडी बाजार स्थित कपूर्री चौक से भवनाथपुर स्थित कपूर्री चौक तक सड़क की स्वीकृति मिलने के बावजूद भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि यदि उक्त सड़क का निर्माण नाली के साथ जल्द नहीं होता है तो हजारों लोगों के साथ सड़क पर उतरने व सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलने को विवश होंगे। इससे भी नहीं हुआ तो मरता क्या नहीं करता की तर्ज पर हजारों की संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस सम्बन्ध में बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण जनता अपनी शिकायत लिखित रूप से दें। शिकायत मिलने के पश्चात मैं संवेदक व अन्य कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिये वरीय पदाधिकारी को लिखूंगा। मौके पर कांडी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप राम, सराजूदिन राईन, इशराइल हवारी, रामानुज सिंह, खुर्शीद हवारी, इमामुद्दीन सिद्दीकी, सुनीता देवी, सरोजा देवी, विमल देवी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### नवपदस्थापित थाना प्रभारी को भाजपाईयों ने किया सम्मानित



**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने गढ़वा सदर थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी बृज कुमार को भाजपा नगर मंडल गढ़वा की ओर से पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपाईयों ने थाना प्रभारी से बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क से चिनियां मोड़ तक पुलिस पेट्रोलिंग कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि चिनिया रोड में कुछ मनचले युवाओं के द्वारा बाईक को तेज गति से चलाया जाता है। जिससे रास्ते में चलने वाले आम लोगों को परेशानी होती है। मौके पर वीरेंद्र सिंह, बंधु राम, विशाल गुप्ता, महेंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे।

### जायंट्स सहेली ने किया खिचड़ी का वितरण



**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में शहर के चौधराना बाजार स्थित शनि मंदिर के समीप जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान जायंट्स पदाधिकारियों ने कहा कि खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण काफी पुण्य का कार्य है। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली जरूरतमंदो की सेवा के लिये सदैव तप्पर रहती है। मौके पर सहेली अध्यक्ष रंजना जायसवाल, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी, पूर्व यूनिट डायरेक्टर सह जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सीमा केशरी, सहेली के पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, सुनीता केशरी, निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल, संध्या केशरी, बिमला केशरी, रीना केशरी, करुणा केशरी, प्रभु जी केशरी, बिनय गौड़, विजय ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने तीन लुटेरों को किया गिरफ्तार

**मझिआंव :** पुलिस ने प्रखंड के स्वर्ण व्यवसाई राहुल कुमार सोनी से पिस्टल का भय दिखाकर लूटने का प्रयास कर रहे तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून की रात्री 08 बजे राहुल सोनी बाजार स्थित दुकान बंद कर अपने पिता के साथ लोहरपुरवा स्थित नये मकान पर जा रहा था। इसी दौरान रोहित की रसोई नामक दुकान के समीप दो बाईक पर सवार लुटेरों ने पिस्टल का भय दिखाकर उनके झोले में रखे जेवर व नगदी लूटने का प्रयास किया। जिसका पिता पुत्र द्वारा भरपूर विरोध किया गया और शोर मचाया गया। शोर सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े। इसी बीच पकड़े जाने के भय से लुटेरे भाग निकले। इस घटना की सूचना लोगों ने तत्काल खजूरी गांव के लोगों एवं मझिआंव थाना को दी। इसके बाद खजूरी गांव में सड़क पर जमे लोगों को देखकर भागने के क्रम में एक बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, इसी बीच पीछे से आ रही पुलिस की गस्ती वाहन ने उन्हें तत्काल दबोच लिया। जबकि दूसरे बाईक पर सवार लुटेरे भागने में सफल रहे। इस दौरान लूटने का प्रयास करने में प्रयुक्त बाईक को जब्त कर थाना ले जाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तीनों लुटेरे उड़ीसा राज्य के जाजपुर जिले के हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये लुटेरों में जाजपुर थाना के पूरब कोटे गांव निवासी मारिक दास के पुत्र राजेश दास 25 वर्ष, जाजपुर कोरय गांव निवासी सीनू दास के पुत्र दिलीप दास 25 वर्ष एवं जाजपुर कोरय निवासी शंकर माईकल के पुत्र माईकल कन्हैया 27 वर्ष को जेल भेज दिया गया।

## फ्लाई ओवर के मेटेरियल की चोरी, छापेमारी मेंजब्त

बलराम शर्मा



**मेराल :** पुलिस ने एनएच 75 पर फ्लाई ओवर निर्माण के दौरान चोरी हुये मेटेरियल को बरामद किया है। पुलिस ने सिक्योरिटी कंपनी परमार सिक्योरिटी सर्विसेज के इंचार्ज अशोक सिंह की ओर से मेराल थाने में दिये गये आवेदन के आलोक में यह कार्रवाई की है। अशोक सिंह ने गत शुक्रवार की दोपहर में एक गार्ड द्वारा पिलर नंबर ए वन के दक्षिण पक्का मकान के पीछे खपरैल मकान के पास रखे बालू में फ्लाई ओवर का सामान छुपा कर रखने की आशंका व्यक्त की थी। शिकायत के आलोक में उक्त बालू तथा अनिल साह के खपरैल मकान से छड़ तथा अन्य सामान बरामद किया गया। इसी दौरान पिलर नंबर 5-6 के सिक्योरिटी गार्ड द्वारा पक्का मकान के पीछे मनोज जायसवाल के कच्चा कुआं में भी छड़ तथा अन्य सामान होने संबंधी शिकायत मिलने पर सर्च किया गया तथा पोकलेन से कुआं में छुपाये गये छड़ तथा अन्य समान को निकाला गया। सभी सामानों की सूची बनाकर पुलिस थाना ले गई। बता दें कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत खजूरी से विंढमगंज तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य करा रहे एमजीसीपीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सुरक्षा तथा सामानों की देखरेख की जिम्मेवारी परमार सिक्योरिटी सर्विसेज को दिया गया है।

## लुटरों ने 4 लाख के जेवरात लुटे

**छतरपुर :** जपला छतरपुर-मुख्य पथ पर शाम को लगभग 7 बजे अपराधियों ने अयांश फैंसी ज्वेलर्स दुकान के मालिक चंदन कुमार सोनी के कनपटी में पिस्तौल सटाकर लगभग चार लाख के जेवरात लूट लिये। भुक्तभोगी ने बताया कि छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के शंकर साव के मदनपुर स्थित मकान में उनकी दुकान है। वह शाम में गोलक्षमी स्थित घर आने के दौरान जैसे ही ऊंटवा नाला के समीप पहुंचे, पीछे से होंडा साइन बाईक से तीन लुटरे आये और कनपटी में पिस्टल सटाकर पहले बाईक की चाभी व मोबाईल छिना और बैग में रखा 60 ग्राम सोना, 3 किलो चांदी को छीन कर जपला रोड भाग निकले। भुक्तभोगी पैदल ही बाईक को लेकर छतरपुर थाना पहुंचकर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही छतरपुर थाना के एसआई राहुल कुमार और एक और पुलिस की टीम ने पीछा किया लेकिन लुटेरों को कुछ पता नही चल पाया। राहुल कुमार ने बताया कि दुकानदार का मोबाईल जो छीन लिया था उसके लोकेशन से छतरपुर उदयगढ़ मोड़ उसके बाद कुछ और आगे तक बताया लेकेशन के आधार पर पीछा किया गया। लेकिन लुटेरे भाग निकले। चंदन कुमार सोनी मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के शिवसागर थाना के मंलवार गांव का रहने वाला है और फरवरी माह में जेवर का दुकान खोला था।

## अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन को लेकर करेंगे आंदोलन : चंदन

# 25 से आमरण अनशन का ऐलान

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगामी 25 जून मंगलवार से ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। पंसस चन्दन ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवास का जियो टैग करने का काम सरकार द्वारा चुने गये स्वयंसेवक का है लेकिन स्वयंसेवक से कार्य नहीं कराया जा रहा है। अबुआ आवास की प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सभी पंचायत सचिवालय में दीवार लेखन कर नहीं कराने से उपरोक्त योजना में भ्रष्टाचार हावी है। जिस कारण गरीब, गृह विहीन, दिव्यांग, आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में मनरेगा योजना में पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य के जानकारी के बिना योजना का संचालन हो रहा है। उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के जानकारी के बिना योजना का कार्य होने से मनरेगा में भ्रष्टाचार हावी है। मनरेगा से वर्ष 2018 से अब तक बने पशु शेड, मिट्टी मोरम सड़क, कूप निर्माण योजना का सामग्री मद एवं मेठ, मिस्त्री का पैसा बकाया है। चन्दन कुमार ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त मुद्दों को लेकर कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिये 25 जून से बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी सूचना एसडीओ, सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारी को लिखित रूप से दे दी गई है। यह अनशन मांगे पूरी होने तक चलते रहेगा। मौके पर अरसली दक्षिणी पंसस शकील अहमद, अरसली दक्षिणी उप मुखिया दयानन्द यादव, वार्ड सदस्य मनोज बैठा, दयानंद प्रजापति, नेपाल साह, प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**विशुनपुरा :** सीओ संदीप कुमार मधेसिया ने बीडीओ का पद्भार ग्रहण करते ही अपना काम शुरू कर दिया। उन्होंने प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अबुआ आवास में अयोग्य लाभुकों को लाभ देने को लेकर बीपीओ डिम्पल गुप्ता, पंचायत सचिव जगदीश राम, रोजगार सेवक राजीव कुमार से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। साथ ही कूप निर्माण योजना की जांच कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अबुआ आवास के लाभुक गीता कुमारी पति अखोरी मनिलाल को अयोग्य पाये जाने पर संलिप्त कर्मी से जवाब मांगा। तत्पश्चात बीडीओ ने करकचिया विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां विद्यालय के प्रभारी राजमोहन यादव व सहयोगी शिक्षक रामलाल विद्यालय में अनुपस्थित पाये गये। साथ ही विद्यालय में मध्यान भोजन भी बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान 2018-19 का विद्यालय भवन निर्माण की राशि गबन करने का मामला भी सामने आया है। जिसे लेकर बीडीओ ने शिक्षा विभाग को पत्राचार करने की बात कही है।

# जीएसटी परिषद: रेल सुविधाओं पर छूट, दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत जीएसटी

नई दिल्ली। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को वस्तु एवं सेवा कर परिषद की बैठक हुई। 53वीं जीएसटी परिषद की बैठक में व्यापार सुविधा, अनुपालन बोझ को कम करने और अनुपालन को आसान बनाने के मामले में करदाताओं को राहत देने पर कई निर्णय लिए गए हैं।
बैठक में कुछ सेवाओं पर जीएसटी छूट दी गई है और कुछ समानों पर जीएसटी की एक समान दर तय की गई है। इसके अलावा आधार प्रमाणीकरण को रोल आउट किया जाएगा, जिससे फर्जी कंपनी और धोखाधड़ी वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से निपटा जा सकेगा।
ऑनलाइन गेमिंग जीएसटी परिषद के एजेंडे में नहीं रहा। रियल-मनी गेमिंग पर पिछले साल अक्टूबर में 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां 28 प्रतिशत कर व्यवस्था की समीक्षा का इंतजार कर रही हैं।
सभी दूध के डिब्बों अर्थात स्टील, लोहा, एल्युमीनियम पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक के बाद पत्रकार वार्ता कर फैसलों और चर्चा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन्हें दूध का डिब्बा कहा जाता है लेकिन जहां भी इनका उपयोग किया जाएगा वही दर लागू होगी ताकि इससे कोई विवाद न हो। परिषद ने सभी कार्टन बक्सों और नालीदार तथा गैर-नालीदार कागज या पेपर बोर्ड दोनों के मामलों पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित



करने की भी सिफारिश की। इससे विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादकों को मदद मिलेगी। जीएसटी परिषद ने सभी सोलर कुकर पर 12 प्रतिशत जीएसटी दर की सिफारिश की है चाहे उसमें एकल या दोहरा ऊर्जा स्त्रोत हो।
जीएसटी परिषद ने शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रावास आवास के माध्यम से प्रति व्यक्ति 20,000 रुपये तक की सेवाओं को छूट दी है। शर्त है कि इन आवास में कम से कम 90 दिन की रिहाइश हो।
भारतीय रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं जैसे प्लेटफॉर्म टिकट को जीएसटी से छूट दी गई है। इसमें प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम की सुविधा, वेटिंग रूम, क्लॉकरूम सेवाएं, बैटरी चालित कार सेवा शामिल है। इसके अलावा इंट्रा-रेलवे आपूर्ति को भी छूट दी जाएगी। एक प्रश्न के उत्तर में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि पेट्रोल और डीजल जीएसटी के दायरे में आयें। यह अब राज्यों पर है कि वे इस बारे में मिलकर निर्णय लें।
वित्त मंत्री ने बताया कि छोटे करदाताओं की मदद के लिए परिषद ने जीएसटीआर 4 फॉर्म में विवरण और रिटर्न भरने की समय सीमा 30 अप्रैल से बढ़ाकर 30 जून किए जाने की सिफारिश की है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 के बाद के रिटर्न पर लागू होगा।
परिषद ने जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए मांग नोटिसों के लिए ब्याज और जुमार्ने को माफ करने की सिफारिश की है। इसमें धोखाधड़ी, दमन या गलत विवरण से जुड़े मामले शामिल नहीं हैं। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए धारा 73 के तहत जारी किए गए सभी नोटिसों के लिए परिषद ने ब्याज और जुमार्ना माफ करने की सिफारिश की है।
मंत्री ने बताया कि सीजीएसटी अधिनियम की धारा 16(4) के तहत वित्तीय वर्ष 17-18, 18-19, 19-20 और 20-21 के लिए 30-11-2021 तक दायर किसी भी चालान या डेबिट नोट के संबंध में इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने की समय सीमा को 2011 से 2021 माना जा सकता है। 01 जुलाई 2017 से पूर्वव्यापी प्रभाव से उसी अपेक्षित संशोधन के लिए परिषद ने एक सिफारिश की है।
वित्त मंत्री ने जानकारी दी कि अखिल भारतीय आधार पर बायोमेट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण शुरू होने जा रहा है। इससे हमें मामलों में फर्जी चालान के माध्यम से किए गए धोखाधड़ी वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से निपटने में मदद मिलेगी।
सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए परिषद ने विभाग द्वारा अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए 01 करोड़ रुपये और उच्चतम न्यायालय के लिए 02 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपये सीजीएसटी और एसजीएसटी से घटाकर 20 करोड़ रुपये कर दी जाएगी।
सीतारमण ने बताया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को दर युक्तिकरण के जीओएम का अध्यक्ष बनाया गया है। अगली बैठक में सम्राट चौधरी रेट रेशनलाइजेशन के लिए किये गये काम पर यथास्थिति रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद हम स्टार्ट रेट रेशनलाइजेशन पर काम शुरू करेंगे।

## शेख हसीना का दिल्ली में स्वागत करते हुए मुझे खुशी हुई : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा को खास बताते हुए कहा कि दोनों ने आज जल संसाधन, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचे को बढ़ाने में सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना का दिल्ली में स्वागत करते हुए मुझे खुशी हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आज शेख हसीना के राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत से लेकर द्विपक्षीय वार्ता की



तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री शेख हसीना का दिल्ली में स्वागत करते हुए मुझे खुशी हुई। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में हम करीब दस बार मिल चुके हैं, लेकिन यह यात्रा इसलिए खास है क्योंकि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में सत्ता में लौटने के बाद वह हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं। चाहे वह 'पड़ोसी पहले' हों, 'एक्ट ईस्ट' हों या सागर नीति, बांग्लादेश इन सभी में महत्वपूर्ण है।
मोदी ने कहा कि पिछले एक साल में भारत और बांग्लादेश ने बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, व्यापार और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अब हम आगे की ओर देख रहे हैं और हरित ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री हसीना और मैंने जल संसाधन, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचे को बढ़ाने में सहयोग की भी समीक्षा की।

## यूजीसी-नेट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई टीम पहुंची कुशीनगर

**कुशीनगर।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम यूजीसी नेट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच कर रही है। जांच के तार उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से भी जुड़ा हुआ पाया गया है। इसी सिलसिले में सीबीआई की एक टीम ने यहां पर डेरा डाल दिया है। एक युवक से पूछताछ की गई है।
बिहार की सीमा से जुड़े होने के कारण कुशीनगर जिले के कुछ लोगों के इस गड़बड़ी में शामिल होने की बात सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई की टीम ने कुशीनगर के रहने वाले एक युवक से पूछताछ की है। युवक ने टेलीग्राम पर यूजीसी नेट का पेपर पोस्ट किया। उसने कोटा में रहकर तैयारी की और यूजीसी नेट की प्रवेश परीक्षा दी




थी। युवक कुशीनगर के सिधुआ स्थान में पिछले एक महीने से रह रहा था। पड़रौना कोतवाली में उससे पूछताछ चल रही है और यूपी पुलिस को इससे दूर रखा गया है। इस बारे में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

## हाजियों का पहला जत्था सऊदी एयरलाइंस की उड़ान से दिल्ली पहुंचा

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में दुनियाभर के लाखों मुसलमानों के जरिए हज 2024 की अदायगी और हज के समापन के बाद वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। आज सऊदी एयरलाइंस की पहली उड़ान से 378 हाजी 40 दिनों की यात्रा की खट्टी-मीठी यादें अपने दिलो में सहेज कर राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। हवाई अड्डे पर उतरने वाले हाजियों का स्वागत दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने फूल मालाओं से किया। उन्होंने सभी हाजियों को हज की मुबारकबाद पेश करते हुए देश वापसी की



बधाई दी। इस अवसर पर हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उप कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।
ज्ञात हो कि इस वर्ष पूरे विश्व से लग भग 19 लाख लोगों ने पवित्र हज की अदा किया है। भारत से हज पर जाने वाले लोगों की संख्या 1,39,964 है। दिल्ली स्टेट हज कमेटी की प्रशासनिक व्यवस्था में दिल्ली एंबार्केशन प्वाइंट से रवाना होने वाले हाजियों की संख्या 16,443 है। इन में दिल्ली के 3065 हाजियों के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 9567 हरियाणा के 1345 ,उत्तराखंड के 1038, पंजाब के 251, चंडीगढ़ के 36 हाजी सम्मिलित हैं। जबकि अपनी पसंद से दिल्ली एंबार्केशन प्वाइंट का चयन करने वाले हाजियों में बिहार के 393,जम्मू कश्मीर के 498, गोवा के 3,मध्य प्रदेश के 21,महाराष्ट्र के 2,राजस्थान के 216,और उड़ीसा के 1 यात्री भी शामिल हैं। इस वर्ष दिल्ली एंबार्केशन प्वाइंट से हज के लिए प्रस्थान करने वाले हाजियों में 8652 पुरुष, 7791 महिलाएं, 36 बच्चे, एवं 11 शिशुओं के अतिरिक्त बिना मेहरम के हज करने वाली महिलाओं की संख्या 53 है। कुल 46 उड़ानों पर आधारित हाजियों के आगमन का आज से शुरू होने वाला सिलसिला आगामी 9 जुलाई 2024 तक जारी रहेगा। इस वर्ष हज के दौरान मक्का में भीषण गर्मी पड़ने के कारण बहुत सारे बुजुर्ग हज यात्रियों की मौत भी हो गई है। भारत के भी बहुत सारे यात्री इसकी चपेट में आए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने संत कबीर दास की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संत कबीर दास की जयंती पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, संत कबीरदास जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि।
प्रधानमंत्री ने गत 28 जून 2018 को महान संत और कवि कबीर की 500वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उत्तर प्रदेश में संत कबीर अकादमी, मगहर के शिलान्यास कार्यक्रम के अपने भाषण का एक अंश भी साझा किया है।
इसमें उन्होंने कहा कि खुद कबीर जी ने भी कहा है- तीर्थ गए तो एक फल, संत मिले फल चार। सदगुरू मिले अनेक फल, कहे



कबीर विचार।। यानी तीर्थ जाने से एक पुण्य, मिलता है तो संत की संगत से चार पुण्य प्राप्त हो सकते हैं।
मोदी ने कहा कि कबीर का सारा जीवन सत्य की खोज और असत्य के खंडन में व्यतीत हुआ। कबीर की साधना मानने से नहीं, जानने से आरंभ होती है। वो जन्म के धंधे से ही नहीं, अपने कर्म से वंदनीय हो गए।
प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा कबीरदास, धूल से उठे थे, लेकिन माथे का चंदन बन गए। महात्मा कबीरदास व्यक्ति से अभिव्यक्ति हो गए और इससे भी आगे वो शब्द से शब्दब्रह्म हो गए। उन्होंने कहा कि मानवता की रक्षा, विश्व बंधुतत्व और परस्पर प्रेम के लिए कबीर की वाणी एक बहुत बड़ा सरल माध्यम है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)